Some of our actions of this life are rewarded in this very life and others are carried to be rewarded in later lives. Similarly, some actions of our previous lives are rewarded in this life. All depends upon the opportunities. According to the Vedas this life is not the only life we get. There is life after every death. Soul is immortal. It never dies, nor it is ever born. At death God moves it from one body to the other.

One thing more to understand is that our good and bad deeds do not cancel each other. There are separate accounts for good and bad deeds. We must bear fruit of good and bad deeds separately.

The birth we get is the sum total of all our unrewarded deeds in our previous lives. One is born to poor parents and other to rich parents. One is born as a human being and the other as an animal. This difference is due to the difference of deeds of different people. All variations we see in the world are due to the variations of actions of various people.If we do some good or bad deed with our body then our body has to bear its consequences. If we do that with our mind then the mind gets the result. Similar is the case with speech. A question arises – if we have to bear the consequences of our actions then why we should pray to God. The answer is that the purpose of prayer is not asking or requesting for pardon. As a matter of fact God does not pardon any body.

If he pardons people for their crimes then there will be no justice. Moreover, the crime graph will shoot up to bring much more miseries all over. The purpose of prayer is to remember that there is a super power God who does punish or reward us exactly according to our deeds. By knowing that, we can avoid doing bad deeds. Secondly, we recite God's qualities like truthfulness, kindness, justice etc.lives.One thing we can do relating to our bad deeds is to think about their consequences and not to do such deeds again.

so that we could adopt those qualities in our That is called repentance. Repenting does not save us from the consequences of our past bad deeds. It helps train us not to repeat such deeds in future.

Heaven and hell are not particular places. One who is in a stale of extreme happiness is said to be in heaven and the one who is in a state of extreme miseries is said to be in hell. All depends upon one's actions.

Ex-Head of Department of Sanskrit

Ex-Chairman of Dayanand Chair for Vedic Studies

Panjab University, Chandigarh, India

समाजिक बुराईयों को दूर करने में पाकिस्तान सरकार हमसे आगे

खर्चीली शदियों पर लगाई रोक

खर्चीली शादियों पर रोक लगाते हुये पाकिस्तान सरकार ने निम्न नियम बनाये

1 आतिशबाजी पर पूरी तरह प्रतिबन्ध

2 दहेज का किसी तरह का प्रदर्शन नहीं

3 बारात को दिये जाने वाले खाने में केवल एक ही पकवान होगा।

अगर इस का उलंघन किया जाता है तो सख्त र्दड का प्रवधान किया गया है। सारा मकसद यह है कि शादियों को कम से कम खर्चीला बनाया जाये ताकि आम आदमी इस अनचाहे बोझ से बाहर लिकले, और यही पैसा जीवन के बुनयादी ज़रूरतों पर खर्चा हो। क्या हमारे देश में भी ऐसी सोच पैदा हो सकती है। मैं समझता हूं कि नहीं। देश की स्वतन्त्रता के कुछ वर्ष बाद तक हमारे नेता जो की गाधीं जी के साथ काम कर चुके थे सादगी के बारे में सोचा करते थे। आज तो कोशिश की जाती है कि कैसे हम व्यवसाईकता को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। शायद ही कोई राजनेता ऐसा है जो आम व्यक्ति की मुसिबतों के बारे में सोचता हो।

पुस्तक

(English book of short stories)

सम्पादक व उनकी पत्नी नीला सूद ने अपनी लिखी व विभिन्न अंग्रेजी समाचार पत्रों में छपी 70 कहानियों का संग्रह एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है जिसका नाम है Our musings। इसकी कीमत 150 रूपये है।
जो भी इसे लेने के इच्छुक हों वह मात्र 100 रूप्या भेज कर या हमारे किसी भी बैंक ऐकांउट(Bank Account) में पैसे डाल कर मंगवा सकते है। भेजने का खर्चा हमारा होगा। Account Nos वही हैं जो वैदिक थोटस पत्रिका के लिये है।

मंगवाने से पहले निम्न बातों का कृपया ख्याल रखें
पुस्तक अंग्रेजी भाषा में है। Book is in English
कहानियां धार्मिक नहीं परन्तु जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी है। Stories are on various aspects of human life.

नीला सूद, भारतेन्दु सूद
0172–2662870, 9217970381



M/S AMMONIA SUPPLY COMPANY

(An ISO 9001-2008 Certified Company)

Joins " VEDIC THOUGHTS" in its noble Pursuit of spreading 'Moral Values

प्रत्येक व्यक्ति पांच शक्तियों से बिभुशित है
1 शारीरिक बल
2 इच्छा शक्ति.–– Will power
3 विवेक–––अच्छे बुरे में फर्क देखने की शक्ति capacity to discriminate between good and bad
4 आत्म शक्ति या आत्म बल
5 बोलने की शक्ति

वही व्यक्ति निश्काम भाव से कर्म करने के समर्थ है जो इन पांच शक्तियो के ठीक प्रयोग में सक्षम है। अर्थात बुद्धि स्थिर तथा सुमति से युक्त है। वाणी मधुर है व इसका उतना ही प्रयोग किया जाता है जितना आवश्यक है। आत्मा ज्ञान की ज्योति से ज्योतिर्मय है। दृढ़ संकल्प है व शरीर में रास्ते में आने वाली बाधाओं से जूझने का शक्ति है।

SUPPLIERS OF ANHYDROUS AMMONIA AND LIQUOR AMMONIA
D-4 Industrial Focal Point, Derabassi, District (Mohali) Punjab
Contact:- Rakesh Bhargav, Branch Manager 093161-34239, 01762-652465
Fax 01762-282894. Email- asco.db@ascoindia.com & ascodb@gmail.com

दमन नहीं संयम है सूत्र साधना का

सीताराम गुप्ता

आपने धातु की कमानी अथवा स्प्रिंग तो अवश्य देखा होगा। यदि हम उसको दबाते हैं तो जब तक हम उसको दबाए रखते हैं तब तक तो वह दबा रहता है लेकिन छोड़ते ही तेज़ी से उछलता है और अपनी पूर्वावस्था में आ जाता है। यह बाहरी दबाव स्थायी नहीं होता। यदि उसको स्थायी रूप से दबाना है तो उसे तपाना होगा और तपाने के बाद उसे मात्र उतनी देर दबाना पर्याप्त होगा जब तक वह ठंडा नहीं हो जाता। इसी प्रकार हमारी दमित इच्छाएँ भी बार–बार सिर उठाती हैं। यदि मन ही उचित साधना कर ली जाए तो बार–बार इंद्रियों के दमन की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी और हम बार–बार होने वाली पीड़ा से बच जाएँगे।

राम–रावण युद्ध से पूर्व विभीषण चिंतित होकर राम से पूछते हैं कि न तो आपके पास रथ है और न तन की रक्षा के लिए कवच और न जूते ही तब रथ पर सवार बलवान वीर रावण को कैसे जीता जाएगा? राम कहते हैं कि जिस से विजय होती है वह दूसरा ही रथ होता है और उस रथ की व्याख्या करते हुए राम कहते हैं :

अमल अचल मन त्रोन समाना।
सम जम नियम सिलीमुख नाना।।

संसार रूपी युद्ध को जीतने के लिए निर्मल और स्थिर मन तरकश के समान है। शम अर्थात् मन का वश में होना तथा यम और नियम ये बहुत से बाण हैं। इनके समान विजय का दूसरा उपाय नहीं। मन पर नियंत्रण का अर्थ भावों का दमन नहीं अपितु उनका परिष्कार करना है। उदात्त मूल्यों से युक्त सकारात्मक भावों द्वारा ही सतही या अनुपयोगी व घातक भावों से मुक्ति संभव है। सकारात्मक भावों के विरोधी भावों से बचाव भी आवश्यक है। इसके लिए सकारात्मक भावों को दृढ़ से दृढ़तर करते जाना अनिवार्य है। यही वास्तविक विजय है। यही साधना है। साधना ही विजय है।

साधना का सूत्र दमन नहीं संयम ही है। वास्तव में जब हम साधना की बात करते हैं तो दमन से



विरत होने की बात ही करते हैं। यदि हम कहें कि संयम ही साधना है तो अत्युक्ति नहीं होगी। प्रश्न उठता है कि साधना क्या है और इसकी क्या ज़रूरत है? विकारों अर्थात् संचित कुसंस्कारों तथा अवांछनीय आदतों व मान्यताओं का उन्मूलन ही साधना है। लेकिन मात्र विकारों के उन्मूलन से साधना पूर्ण नहीं होती। जो कुसंस्कार निकल जाएँ उनके स्थान पर सुसंस्कारों की प्रतिस्थापना अथवा रिप्लेसमेंट भी अनिवार्य है। साथ ही हमारे अंदर जो अच्छे संस्कार हैं वो भी किसी भी हालत में खिसकने न पाएँ वरना उनके स्थान पर संभव है ग़लत संस्कार या विचार आकर डेरा डाल लें और हमारी साधना बेकार हो जाए। यदि संक्षेप में कहें तो नकारात्मकता के स्थान पर सकारात्मकता का प्रतिस्थापन तथा संचित सकारात्मकता का बचाव ही साधना है। साधना के लिए स्वयं से संघर्ष करना पड़ता है लेकिन ये बाहरी संघर्ष नहीं आंतरिक संघर्ष होता है।

हमारे व्यवहार के मूल में हमारे विचार ही होते हैं और विचारों का उद्गम होता है हमारा मन। वास्तव में मन की साधना ही वास्तविक साधना है। जब हम संयम की बात करते हैं तो मन के संयम की ही बात होती है। मन का दमन नहीं होता। दमन इंद्रियों का होता है। क्योंकि मन इंद्रियों का स्वामी है अतः मन के संयम द्वारा इंद्रियों को वश में करना सरल है। यदि मन वश में नहीं है तो इंद्रियों को उनके कार्य से रोकना असंभव है। मन की साधना के बिना इंद्रियों को रोकना ही दमन कहलाता है। दमन पीड़ाकारक होता है जबकि संयम से दुख की अनुभूति नहीं होती है अतः संयम ही श्रेयस्कर है।

जहाँ तक दमन की बात है दमन कभी भी स्थायी नहीं हो सकता। साथ ही दमन की प्रक्रिया के साथ विरोध भी प्रारंभ हो जाता है। यदि कोई सरकार दमन की नीति अपनाती है तो उसका विरोध भी ज़रूर होता है। और एक दिन उस सरकार का ही सफाया हो जाता है अतः दमन ठीक नहीं। हमारी भी यही स्थिति है। मान लीजिए मैं आम खाना चाहता हूँ लेकिन मैं आम खाने की अपनी इच्छा का दमन कर देता हूँ तो मुझे इस कारण काफी बेचैनी रहेगी। यही बेचैनी मेरे दुख का कारण है। यदि आम खाने की इच्छा का दमन न करके वह इच्छा ही समाप्त कर दी जाए तो दुख नहीं होगा और यह संभव है मन के संयम द्वारा। इच्छाओं की पूर्ति के अभाव में दुख होता है अतः मन में इच्छाओं को न पनपने दें और यह संभव है मन के निग्रह अर्थात संयम द्वारा। संयम वस्तुतः मानसिक होता है जबकि दमन भौतिक। संयम पूर्णतः आंतरिक भाव है जबकि दमन बाह्य प्रक्रिया। दमन से हिंसा तथा अन्य विकारों की उत्पत्ति होती है जबकि संयम से अनुशासन और अहिंसा का उदय होता है।

जीवन में संयम का प्रादुर्भाव कैसे हो इसी का उत्तर है साधना। साधना द्वारा संयम का विकास संभव है। साधना भी सरल नहीं लेकिन उपाय स्थायी है। साधना को तप भी कहते हैं। तपना और तपाना शब्द गरम होना या गरम करना के अर्थ में भी आते हैं। जिस प्रकार लोहे या अन्य धातुओं को अपेक्षित तापमान पर गरम करके पिघला लिया जाता है और फिर उसे अपेक्षित साँचे में ढालकर मनचाहा आकार दे दिया जाता है उसी प्रकार साधना में इच्छाओं को मन चाहा आकार दे दिया जाता है। इच्छाओं का त्याग अथवा सात्त्विक इच्छाओं की उत्पत्ति साधना द्वारा ही संभव है। इससे मन और इन्द्रियों में द्वंद्व समाप्त हो जाता है। द्वंद्व की समाप्ति ही वास्तविक उपचार है। यही साधना है।

आपने धातु की कमानी अथवा स्प्रिंग तो अवश्य देखा होगा। यदि हम उसको दबाते हैं तो जब तक हम उसको दबाए रखते हैं तब तक तो वह दबा रहता है लेकिन छोड़ते ही तेज़ी से उछलता है और अपनी पूर्वावस्था में आ जाता है। यह बाहरी दबाव स्थायी नहीं होता। यदि उसको स्थायी रूप से दबाना है तो उसे तपाना होगा और तपाने के बाद उसे मात्र उतनी देर दबाना पर्याप्त होगा जब तक वह ठंडा नहीं हो जाता। इसी प्रकार हमारी दमित इच्छाएँ भी बार–बार सिर उठाती हैं। यदि मन ही उचित साधना कर ली जाए तो बार–बार इंद्रियों के दमन की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी और हम बार–बार होने वाली पीड़ा से बच जाएँगे।

लेकिन मन को साधना भी तो सरल नहीं। कृष्ण जब अर्जुन को कहते हैं कि मन के निग्रह द्वारा ही सब संभव है तो अर्जुन यही शंका व्यक्त करते हैं कि मन का निग्रह करना तो बहुत कठिन है। कृष्ण कहते हैं मुश्किल तो है पर असंभव नहीं। अभ्यास और वैराग्य से इसका निग्रह संभव है। संक्षेप में कहें तो कहीं भी किसी समय भी जब भी अवसर मिले शांत स्थिर होकर बैठ जाएँ और आँखें बंद कर लें। शरीर को निरंतर शिथिल या प्रशांत करते चले जाएँ। धीरे–धीरे मन निर्विकार होना प्रारंभ हो जाएगा। जितनी गहन अवस्था में पहुँच पाओगे उतना ही अधिक लाभ होगा। जीवन में जो चाहते है मन की इसी अवस्था में दोहराएँ या वह भाव अपने मन में लाएँ। वह भाव जीवन की वास्तविकता में परिवर्तित हो जाएगा। ध्यानावस्था के उपरांत न केवल मन की चंचलता कम हो जाएगी अपितु इंद्रियों की तीव्रता भी कमज़ोर पड़ जाएगी। यही साधना है और यही वास्तविक संयम है और इसके लिए दमन या बाह्य उपचार नहीं मन की आंतरिक अवस्था या भाव ही पर्याप्त है। भावों को उचित आकार प्रदान करके ही हम सारी समस्याओं से निपट सकते हैं। भाव प्रदूषण से मुक्त होना ही संयम है और यही वास्तविक साधना है।

ए.डी.–106–सी, पीतमपुरा,
दिल्ली–110034 फोन नं. 09555622323
Email: srgupta54@yahoo.co.in

हिन्दु धर्म को मुसलमानों से नहीं, जातिवादं से है खतरा

भारत को आजाद हुए भले ही 68 साल बीत चुके हैं लेकिन अभी भी यह देश जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों से जूझ रहा है। कम होने की बजाये यह बढ़ती जा रही है। पंजाब के फगवाड़ा शहर में तो इस जातिवाद का जहर मरने के बाद भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ता। फगवाड़ा के क्षेत्र हदिआबाद में अलग–अलग जातियों के लिए अलग–अलग शमशान घाट बनाये गए हैं। इस शमशान घाटों के सेवादारों का कहना है कि बरसों से इस इलाके में यही प्रथा चली आ रही है। कहने का अर्थ है मरने के बाद भी जातिप्रथा पीछा नहीं छोड़ती। एक साल पहले हरियाणा के हिसार जनपद के भगाना गांव में वहा° दलित समाज को किसी भी स्तर पर आशानुरूप सामाजिक न्याय नहीं मिल पा रहा था जिस कारण पहले वे घर छोड़ने पर मजबूर हुये और उस के बाद अब अपना धर्म छोड़ने तक का सफर भी तय करना पड़ा।



दिल्ली में जंतर–मंतर पर धरने में ही लगभग सौ दलित परिवारों ने हिन्दू धर्म छोड़ते हुए पूरे रीति रिवाज से इस्लाम धर्म को अपना लिया है जिसके बाद समाज की उस मानसिकता और हजारों वर्षों से भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था का यह गन्दा चेहरा भी सामने आया है। इस सबके बीच सबसे चिंता की बात यह है कि देश के किसी भी राजनैतिक दल या हिन्दु समुदाये के किसी भी मत की ओर से इन दलितों और प्रताड़ित किये गए वंचितों के प्रति कोई चिन्ता या संवेदनशीलता दिखाई नहीं दी! एक शंकराचार्य सांई बाबा के पीछे तो हाथ धो कर पीछे पडे हैं पर ऐसे स्थानों पर जा कर जो दलित धर्म परिवर्तन पर मजबूर है उन्हें क्यों नही यह विश्वास दिलाते कि आप हमारे हिन्दु धर्म के ही अटूट अंग है। यह कोई अकेली घटना नहीं है बल्कि सामाजिक स्तर पर रोजाना ऐसी घटनाएं हो रही हैं जिसमें जातिवाद कहीं सीधे तौर पर तो कहीं उसके द्वारा खड़ी की गयी सामाजिक जाति व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगता दिखाई देता है।

यही नहीं यदि हम सरहद पार चलें तो वहा° का हाल भी यही है। जगजीत सिंह पाकिस्तान के उन दलित हिंदुओं में से हैं जो भेदभाव से तंग आकर अपना धर्म बदलने पर मजबूर हुए हैं। जगजीत अपने परिवार के साथ सिंध प्रांत के रेगिस्तानी जिले थरपारकर के मुख्यालय मट्ठी में रहते हैं। 2005 तक जगजीत का नाम हंसानन्द था, लेकिन फिर उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपना धर्म छोड़ कर सिख धर्म अपना लिया। वे कहते हैं, 'मैं इस इलाके को छोड़कर नहीं जाना चाहता हूं और यहां बगावत की एक मिसाल के तौर पर रहना चाहता हूं।' जगजीत यहां तक दावा करते हैं कि पांच साल पहले ब्राहम्ण हिंदुओं ने उन पर कातिलाना हमला भी किया था। वे कहते हैं कि धर्म परिवर्तन करने से उन्हें मन की शांति मिली है। अब उनका बेटा दलित नहीं सरदार का बेटा कहलायेगा।

'पाकिस्तान हिंदू पंचायत' संगठन के महासचिव रवि दावानी कहते हैं, दलित समुदाय को हिंदुओं में गिना जाए तो समस्या नहीं होनी चाहिए। पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यक अधिकारों की बात करना ऐसे ही लोगों की बात करने के बराबर है। लेकिन पाकिस्तान में दलित समुदाय के अधिकारियों के लिए काम करने वाले और राष्टपति पुरस्कार विजेता डॉक्टर सोनू खनगरियानी तस्वीर का दूसरा रुख दिखाते हुए कहते हैं कि हिंदू अल्पसंख्यकों को मिलने वाले अधिकार तो ब्राहम्ण ले जाते हैं। वे कहते हैं, 'इसमें कोई दो राय नहीं कि हमें इस देश में मुसलमानों से कोई खतरा नहीं, बल्कि खतरा ब्राहम्णों से है। यह हिन्दंओं में छुआछूत अकेले हिन्दुसतान में ही नहीं परन्तु जहां जहां भी हिन्दु हैं वे इस छूत के रोग को सब से पहले फैलाते है। क्या है यह हिन्दु धर्म गर्व करने योग्य?

हरियाणा के रोहतक जिले का हाल ही ले लिजीये। क्या इस जाट अन्दोलन के दौरान हिन्दुओं की सम्पति व घरों को मुसलमानों या ईसाईयों ने जलाय? यह हिन्दु ही थे। जातिवाद के भंयकर जहर का उदाहरण इस से बुरा क्या हो सकता है। 1947 में पाकिस्तान से आये हिन्दु अपने घर बार से उजड़ने का दोष जिन्हा पर थोपते हैं पर यहां तो जिन्हा नहीं थे । सच्चाई यह है कि यहां जिन्हा से भी खतरनाक व्यक्ति लोगों के जान माल से जाति के नाम पर खेल खेल रहे थे। 2016 में रोहतक के दृश्य 1947 में लाहोर के दृश्यों से भी अधिक कूरता का चित्रण कर रहे थे।वीर सावरकर की प्रसिद्द पुस्तक पिमोपलासि में मालाबार में हुए दंगों का सच दिखता है कि किस तरह केरल के अन्दर ब्राहम्णवाद के कारण ही इतना बड़ा अत्याचार हुआ और मूलवासी दलितों का शोषण होते आया है और जब मूलवासी आदिवासी इससे बचे न सके तो ईसाई और मुसलमान बनने पर मजबेर हुये। बहुत सी जगह आज भी दलितों को मन्दिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है आस्था प्रार्थना तक में जातिगत शब्दों से तिरस्कार होता है किन्तु जब वे बहिष्कृत लोग धर्मपरिवर्तन कर लेते हैं तब धर्म के लोप का रोना रोया जाता है। सोचो आखिर जातिवाद क्या है इससे हमने अभी तक क्या पाया?

यह बहुत दंख की बात है कि इस जातिबाद को जीवित रखने में सब से बड़ी भूमिका हमारी सरकारों ने व शासकों ने निभाई जिन्होने जाति को सरकारी नौकरियों में आरक्षण का आधार बनाया। हमारा संविधान कहीं नहीं कहता कि जाति आरक्षण का आधार होना चाहिये।

संविधान तो केवल यह कहता है कि तो पिछ़ड़े लोग है और जिन को सरकारी नौकरियों में अनुपात के अनुसार नौकरियां नहीं है उन्हें नौकरियों का प्रवधान किया जाये। अनुछेद (16) 4

जाति को आधार तो हमारे शासको ने बनाया। जो 1953 में पिछ़ड़े लोग का चयन करने के लिये कमीशन बैठा था उसने जाति को आधार बना कर 2399 जातियों को पिछड़ा घाषित कर दिया।उस समय अगर हमारी सरकार ने कमीष्न से कहा होता कि जाति के स्थान पर आप दूसरा कोई आधार बनायें, जैसे कि आथिर्क हालात, शिक्षा आदि तो जातिप्रथा ऐसा कूर रूप धारण नहीं करती।

लोग पिछड़े वर्ग में आने के लिये एक दूसरे की जान लेने को त्यार हैं और धर्म परिर्वतन भी बुरा नहीं मानते। मजे की बात है कि जो राजनैतिक दल तैसे कि भारतीय जनता पार्टी 1990 में मंडल कमीशन की रिर्पोट के विरूद्ध खुल कर सामने आये थे वे इस को जिवित रखने में सब से आगे हैं। प्रधान मन्त्री जोर शोर से कहता है मैं पिछ़डे वर्ग का हूं। यही नहीं जब उनकी पार्टी को जनम देने वाली संस्था RSS के मुखिया ने कहा कि आरक्षण पर सोच देने की आवश्यकता है तो प्रधान मन्त्री ने जोर शोर से इसका खण्डन किया। अब तो अपनी कुर्सी के लिये कहते हैं कि जाति पर आधारित आरक्षण को तो बाबा अम्बेदकर भी नहीं बापिस ले सकते। सच्चाई यह है कि बाबा अम्बेदकर ने ऐसे आरक्षण की कभी बकालत नहीं की थी। यह तो बोटों के लिये हमारे रातनितिज्ञों की करनी है चाहे देश जल जाये या बंट जाये।

Catch them young

WG CDR DPS BAJWA

I BELIEVE that I am Jack of all trades but master of none, and yet I feel it is all worthwhile. Learning is a life-long process. We must teach our children everything possible that they ought to learn in their growing years. Some affluent parents think that children must get all that they seek, and the fleet of helpers are there to do everything for them. Young children must be encouraged to do their own work, so that as adults, they are not dependent on either their spouse or domestic help.

They must learn how to make their bed in the morning, keep clothes neatly in the closet, etc. As they advance in age, they must also learn how to cook and help in household chores.

Whenever I cut a fruit or paint a wall or tighten a screw, my grandchildren would come running, saying they wanted to do it too. I never shooed them away. It is better that they learn how to handle a knife or a paint brush early. Children imitate their parents and if they are allowed to participate, they grow into well-rounded personalities.

Most women lament that their husbands leave a wet towel on bed and carelessly throw about the clothes everywhere. Had this individual been groomed to tidy his own room as a youngster, he would have followed the habit as a grownup, too. I overheard a working woman say that she would marry a man who could provide her with a full-time cook.

This proves that cooking is becoming a phobia for the younger generation, more so when fast food is easily available.

I remember when I got my first bicycle, I cleaned it daily; even the spokes and the rim would shine. I felt proud riding the clean bike. Sure enough, that habit stayed with me, and even today, at the age of 71, I like to drive my scooter or car only if it is squeaky clean. I see youngsters who have all the time for their smartphones and computers, but never bother to wash their bike (including girls). A lady next door has been staying alone for many years for the sake of her only son's education. He is pampered to the hilt. Often, I see her clean his scooter and provide him everything on a platter. I wonder what kind of a husband or father this boy would make! On the contrary, when we visited my cousin, she called out, "Chhotu, beta get some tea, please." And behold, her teenaged son brought in tea and snacks for us.

Children need to be taught all life skills without being too kind to them. Besides teaching them swimming, driving, cooking, or some sports, they must also help parents in various chores. Buying vegetables/groceries, managing bank account, fixing a fuse, occasional cleaning of fan/toaster, etc. are some of the things the children can help out with.

Human being is the greatest asset

Nobel Laureate ***Shimon Peres*** *an iconic statesman who was President of Israel from 2007-14, when asked how he shaped the destiny of his country, his measured reply was,*

"We knew about what was against us. We had a tiny land with a desert in the south and swamps in the north. We didn't have a drop of water. We didn't have natural resources. We discovered that we really have nothing – and that is what made us great. Because when you have nothing, you discover you have something that is called a human being.

ईश्वर को मानना क्यों आवश्यक

महेश पोरवाल

एक व्यक्ति मुझे सफर के दौरान मिला। वात ईश्वर को मानने न मानने पर चल पड़ी। व्यक्ति काफी विद्वान और मननशील प्रतीत हो रहे थे, इसलिये मैने यही ठीक समझा कि खुद कुछ न बोल कर, उनके विचारो कों जानू।

उन्होने बताया कि उनके पिता जी, जो कि उस समय दुनिया में नहीं थे, बहुत योग्य, ईमानदार, साहसी व चरित्र के व्यकित थे। परन्तु न तो कभी वह ईश्वर के बारे में बात करते थे और न हीं मैने उनको कभी ईश्वर के नज़दीक होते देखा। इसके विपरीत मेरी मां ईश्वर को सर्वोपरी मानती थी। उसकी ईश्वर पर अटूट आस्था थी। दुख हो या सुख की घड़ी, ईश्वर को सब से पहले याद करती थी। मां जब 62 वर्ष की थी तो कैंसर से बिमार हो गई,उनके बचने की कोई उमीद न रही। मां को भी अपनी मृत्यु का ऐहसास हो गया था।ृमत्यु के एक दिन पहले मुझे अपने पास विठा कर बोली———'' बेटा, मैं जाने वाली हू। मेरे सभी बच्चे सुखी हैं मैं भगवान की बहुत धन्यवादी हू। मुझे एक ही चिन्ता है वह है आपके पिता की'' मैने मां को आश्वासन देने के लिये कहा———'' मां , अगर आप यह सोच रही हो कि जब आप नहीं रहेंगी तो हम अपने पिता को सम्भालेंगे नहीं, तो आप गलत हैं। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम पिता जी का इससे भी अधिक ध्यान रखेगे।''

मां बोली———बेटे, आप सब पर मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इससे मैं चिन्तित बिल्कुल नहीं हूं।

मेरी चिन्ता का एक ही कारण है और वह है कि तुम्हारे पिता जी ईश्वर के बारे में कभी नहीं सोचते और जो ईश्वर के बारे में नहीं सोचता वह मुसीवत आने पर बहूत कुछ होते हुये भी अपने आप को अकेला पाता है और इसी कारण निर्वल महसूस करता है। घबरा कर मुसीवत को सहन नहीं कर पाता। मैं भी उस समय 40 के करीब था और जो मां ने कहा उसका पूर्ण अर्थ न ही समझ पाया न ही समझने की कोशिश की।
मा के जाने के बाद पिता जी कुछ वर्ष ठीक रहे पर उसके बाद बिमार रहने लगे।

अच्छे ईलाज के बावजूद भी उनकी ह ा ल त बि ग ड़ त ी गई। वह स्वयं उठने बै ठ ने में असमर्थ थे। इस दौरान मैने कई बाते देखी। वह अपनी हालत पर अक्सर रोते रहते। कहां मां कैंसर के क़ष्ट को भी बहुत साहस व धैर्य से सहन करती, जहां तक हो सके किसी को भी कष्ट देना ठीक नहीं समझती थी व ईश्वर को याद करके धन्यवाद करती रहती, वहीं पिता जी थोड़ा सा भी कष्ट आए तो घबरा जाते व सब को बुलाने लगते व उसके बाद दुखी हो कर बैठ जाते, घंटो बात नहीं करते। ऐसा लगता उनको हर एक से शिकायत है, जीवन से, वातावरण से और परिवार जनो व मित्रों से भी। अब जब मां को गये 22 वर्ष हो गये थे, मुझे मां के अन्तिम क्षणों में कहे गये शब्द ———''बेटे मेरी चिन्ता का एक ही कारण है और वह है कि तुम्हारे पिता जी ईश्वर के बारे में कभी नहीं सोचते और जो ईश्वर के बारे में नहीं सोचता वह मुसीवत आने पर बहूत कुछ होते हुये भी अपने आप को अकेला पाता है और इसी कारण निर्वल महसूस करता है। घबरा कर मुसीवत को सहन नहीं कर पाता।''ब

मैं समझ गया था कि जीवन में सभी अच्छे गुण होने के बावजूद ईश्वर की सता को मानना कितना आवश्यक है। ईश्वर को जब हम मानते है तो एक बड़ी 'ाक्ति को हर समय अपने साथ महसूस करते है जो की हमें विपतियों में मुश्किलो व दुखों को सहन करने की 'ाक्ति देती है।

यह सच्चाई है कि जो मनुष्य ईश्वर के नजदीक होता है उसे शारीरिक कष्ट या दूसरी कोई तकलीफ आए भी तो वह बहुत आराम से उसे सहन कर लेता है। उसके चेहरे व आम आदमी के चेहरे में बहुत फर्क होता है। इसका कारण यह है कि ईश्वर भक्त में आन्तरिक खुशी इतनी अधिक होती है कि 'शारीरिक कष्ट उसे प्रभावित ही नहीं करता।

जो भी मनुष्य इस धरती पर आया है उस की हालत सदैव एक तरह नहीं रहती कभी खुशियां हैं तो कभी गम, कभी उतार है तो कभी चड़ाव। ऐसे में ज़रूरी है कि मनुष्य उस 'ाक्ति को माने जिसे ईश्वर कहा गया है वरना समय समय पर आने वाली चुनोतीयों का मनुष्य सफलता से सामना नहीं कर पाता। ईश्वर से जुड़ने का सब से उतम उपाय ईश्वर का ध्यान है जिसे हम ब्रहम यज्ञ भी कहते हैं। ईश्वर पर पूर्ण भरोसा, ईश्वरीय गुणों कां धारण करना ही ईश्वर का ध्यान व भक्ति है। इससे जो अध्यात्मिक शक्ति मिलती है उसके आगे सब दैत्य शक्तियां पराजित हो जाती हैं।

ईश्वर पर भरोसा होना एक बहुत बड़ी उपलब्धी है। पर यह आसानी से नहीं प्राप्त होती। इस के लिये तप और अभ्यास की आवयश्यकता है। श्री पथिक जी के इस भजन में यह सब उभर कर आता है।

भरोसा कर तू ईश्वर पर तुझे धोखा नहीं होगा?

यह जीवन बीत जायेगा तुझे रोना नहीं होगा
क्हीं सुख है, कहीं दुख है, यह जीवन धूप छाया है।
हसीं में ही बिता डालो बितानी ही यह माया है।।

विज्ञापन / Advertisement

यह पत्रिका शिक्षित वर्ग के पास जाती है आप उपयुक्त वर–वधु की तलाश, प्रियजनों को श्रद्धा सुमन, अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिये शुभ–अशुभ सूचना विज्ञापन द्वारा दे सकते है।

Half Page Rs. 250/- Full Page Rs. 500/- 75 words Rs. 100

Contact : Bhartendu Sood 231, Sector 45-A, Chandigarh
9217970381 and 0172-2662870

पत्रिका के लिये शुल्क

सालाना शुल्क 100 रूपये है, शुल्क कैसे दें

1. आप 9217970381 या 0172–2662870 पर subscribe करने की सूचना दे दें। PIN CODE vo'; ns
2. आप चैक या कैश निम्न बैंक मे जमा करवा सकते हैं :–
   Vedic thoughts, Central bank of India A/C No. 3112975979 **IFC Code - CBIN0280414**
   Bhartendu soood, IDBI Bank - 0272104000055550 **IFC Code - IBKL0000272**
   Bhartendu Sood, Punjab & Sindh Bank - 02421000021195, **IFC Code - PSIB0000242**
   Bhartendu Sood PNB 0095000100475207
3. **आप मनीआर्डर या at par का Cheque द्वारा निम्न पते पर भेज सकते है। H. No. 231, Sector 45-A, Chandigarh 160047.**
4. दो साल से अधिक का शुल्क या किसी भी तरह का दान व अनुदान न भेजें। शुल्क तभी दें अगर पत्रिका अच्छी लाभप्रद व रूचिकर लगे।

यदि आप बैंक में जमा नहीं करवा सकते तो कृपया **at par** का चैक भेज दे।

रजि. नं. : 4262/12

।। ओ३म् ।।

फोन : 94170-44481, 95010-84671

महर्षि दयानन्द बाल आश्रम

मुख्य कार्यालय -1781, फेज़ 3बी-2, सैक्टर-60, मोहाली, चंडीगड़ - 160059
शाखा कार्यालय - 681, सैक्टर-4, नज़दीक गुरुद्वारा, मुंडीखरड़-मोहाली
आर्य समाज मंदिर, चंडीगढ़ व पंचकुला

E-mail : dayanandashram@yahoo.com, Website : www.dayanandbalashram.org

Shivi and her friend with children

धार्मिक माता/पिता 2100 प्रति माह
धार्मिक बहन/भाई 1500 प्रति माह
धार्मिक बन्धु 1000 प्रति माह
धार्मिक सखा 500 प्रति माह
धार्मिक सहयोगी 100 प्रति माह
धार्मिक साथी 50 प्रति माह

आप आर्थिक सहयोग देकर भी पुण्य के भागी बन सकते है :-

A/c No. : 32434144307
Bank : SBI
IFSC Code : SBIN0001828

मधुकर कौड़ा लेखराम (+91 7589219746)

स्वर्गीय
श्रीमती शारदा देवी
सूद

fuek.k dh 63 o"kZ

स्वर्गीय
डॉ0 भूपेन्दर नाथ गुप्त
सूद

गैस ऐसीडिटी
शिमला का मशहूर
कामधेनु जल

(एक अनोखी आर्युवैदिक दवाई मुख्य स्थान जहां उपलब्ध है)

Chandigarh-2691964, 5076448, 2615360, 2700987, 2708497, Manimajra-2739682, Panchkula 2580109, 2579090, 2571016, Mohali-2273123, 2212409, 2232276, Zirakpur-295108, Shimla- 2655644, Delhi-23344469, 27325636, 47041705, 27381489,Yamunanagar-232063, Dehradoon-2712022, Bhopal-2550773, 9425302317, Jaipur-2318554, Raipur-9425507000, Lucknow-2683019, Ranchi-09431941764, Guwhati-09864785009, 2634006, Meerut- 8923638010, Bikaner-2521148, Batala-240903, Gwaliyar-2332483, Surat-2490151, Jammu-2542205m, Gajiabad-2834062, Noida-2527981, Nagpur-9422108322, Ludhiana-2741889, 9915312526, Amritsar-2558543, Jallandhar-2227877, Ambala Cantt-4002178, Panipat-4006838, Agra-0941239552, Patiala-2360925, Bhatinda-2255790

Medicine is available in other places also, Please contact us to know the name of the shop/dealer.

शारदा फारमासियुटिकलज मकान 231ए सैक्टर 45–ए चण्डीगढ़ 160047

0172-2662870, 92179 70381, E-mail : bhartsood@yahoo.co.in

जिन महानुभावो ने बाल आश्रम के लिए दान दिया

Mata Chetnya Puri

Gulshan Tandon

Amir Chand Tandon

Jatinder & sukhjinder arora

Rakesh Soni

Swasti

Kanta Makkar

RNI NO. CHABIL/2012/47744 POSTAL REGN. NO. G/CHD/0154/2013-2015

मजबूती में बे–मिसाल

घर का निर्माण डीप्लास्ट के साथ

40 years in service

DIPLAST
PLASTICS LIMITED
AN ISO 9001 COMPANY

C-36, Industrial Phase 2, S.A.S. Nagar, Mohali (Pb.) India
Phone : +91-172-2272942, 5098187, Fax : +91-172-2225224
E-mail : diplastplastic@yahoo.com, Web : www.diplast.com

QUALITY IS OUR STRENGTH

विज्ञापन / Advertisement

यह पत्रिका शिक्षित वर्ग के पास जाती है आप उपयुक्त वर–वधु की तलाश, प्रियजनों को श्रद्धा सुमन, अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिये शुभ–अशुभ सूचना विज्ञापन द्वारा दे सकते है।

Half Page Rs. 250/- Full Page Rs. 500/- 75 words Rs. 100

Contact : Bhartendu Sood 231, Sector 45-A, Chandigarh
9217970381 and 0172-2662870